दिन– रविवार

दिनांक– 14 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी नड्डा ने कहा– पिछले बारह वर्षों में देश की स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार हुआ। आयुष्मान योजना से करोड़ों लोगों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिल रही है।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– बिहार के पर्यटन को वैश्विक मानचित्र पर दिलाई जायेगी नई पहचान।

03. प्रदेश में सिपाही भर्ती परीक्षा का पहला चरण आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न।

04. और, बिहार के महाधिवक्ता पी.के. शाही ने अपने पद से दिया इस्तीफा।

---

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा है कि पिछले बारह वर्षों में देश की स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार हुआ है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर और अन्य डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के जरिए अधिक लोगों तक इलाज की सुविधा पहुंच रही है। श्री नड्डा ने कहा कि देश में एम्स की संख्या आज तेईस हो गई है। वहीं, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत आज दुनिया की कई सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बीमारी के कारण किसी परिवार पर आर्थिक बोझ न पड़े। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि पिछले एक दशक में देश के स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री गडकरी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से करोड़ों लोगों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिल रही है।

---

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण का नया इतिहास रचा है।उन्होंने कहा

कि मोदी सरकार की सबसे बड़ी ताकत जनता का अटूट विश्वास और सेवा भाव है, जिसके बल पर देश आज आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

———बाईट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार को पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने के लिए पर्यटन अवसंरचना को सुदृढ़ बनाया जाएगा। श्री चौधरी आज पटना में पर्यटन विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में राजगीर, गया और नालंदा सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों पर चल रही परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिये गए। बैठक में राजगीर, मां मुंडेश्वरी मंदिर और करकटगढ़ जलप्रपात के लिए हेलीकॉप्टर सेवा तथा वाल्मीकिनगर के लिए रियायती वायु सेवा शीघ्र शुरू करने को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर को वैश्विक आध्यात्मिक शिक्षा केंद्र और नालंदा को वैश्विक ज्ञान एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्रामीण पर्यटन पहल शुरू की जायेगी। उन्होंने विष्णुपद मंदिर और महाबोधि मंदिर कॉरिडोर परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने तथा पर्यटकों के लिए पटना से गंतव्य तक सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

———————————————————————————

प्रदेश के सभी जिलों में स्थित केन्द्रों पर आज मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल और चलंत दस्ता सिपाही भर्ती के लिए पहले चरण की लिखित परीक्षा दो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। इन पदों पर बहाली के लिए दूसरे चरण की लिखित परीक्षा सत्रह जून को होगी। केन्द्रीय सिपाही चयन पर्षद के अनुसार इस परीक्षा के माध्यम से चार हजार दो सौ से अधिक पदों पर बहाली होगी।

———————————————————————————

इधर, परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों ने पर्याप्त ट्रेन सेवाएं उपलब्ध नही होने का आरोप लगाते हुए पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर जमकर हंगामा किया। नाराज छात्रों ने स्टेशन परिसर में तोड़फोड़ और पथराव किया। पटना के पुलिस महानिरीक्षक जीतेन्द्र राणा ने बताया कि पुलिस के हस्तक्षेप से हंगामे को काबू में कर ट्रेनों का परिचालन सामान्य किया गया।

———बाइट———

इधर, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने तोड़फोड़ की कार्रवाई को अनुचित बताते हुए कहा कि सरकार इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

———बाइट———

वहीं, राजद के प्रवक्त मृत्युंजय तिवारी  ने आरोप लगाया है कि रेल प्रशासन और सरकार की ओर से परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा स्थल तक पहुंचने की कोई उचित व्यवस्था नही की गई थी।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना स्थित विद्युत भवन में ऊर्जा विभाग की एक हजार दो सौ अठहत्तर करोड़ रूपये की योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। श्री चौधरी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक हजार पांच सौ बारह करोड़ रूपये की लागत से ढ़ाई लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के कार्य का भी शुभारंभ किया।

---

इधर, मुख्यमंत्री ने खरीफ महाअभियान दो हजार छब्बीस के तहत किसान जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वाहन के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों के किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी।

---

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कल बिहार के गया–जी जिले के खिजरसराय में एक नए प्रौद्योगिकी केंद्र की आधारशिला रखेंगे। यह केंद्र एक सौ सत्तर करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य प्रतिवर्ष सात हजार युवाओं को प्रशिक्षण देना और रोजगार सेवाओं के माध्यम से प्रति वर्ष एक हजार से अधिक उद्यमियों को सहायता प्रदान करना है।

---

बिहार के महाधिवक्ता पी.के. शाही ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे के साथ ही राज्य का सर्वोच्च कानूनी पद रिक्त हो गया है। हालांकि इस्तीफे के कारण की अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। पी.के. शाही बिहार की राजनीति और विधि जगत का एक जाना–पहचाना नाम हैं। महाधिवक्ता के रूप में उन्होंने पटना उच्च न्यायालय में बिहार सरकार का प्रभावी ढंग से पक्ष रखा और सरकार के प्रमुख कानूनी सलाहकार की भूमिका निभाई। तत्कालीन महाधिवक्ता ललित किशोर के इस्तीफे के बाद पी.के. शाही को सोलह जनवरी दो हजार तेईस को बिहार का महाधिवक्ता नियुक्त किया गया था। उल्लेखनीय है कि महाधिवक्ता राज्य सरकार का सर्वोच्च विधिक अधिकारी होता है, जो सरकार को कानूनी सलाह देने के साथ–साथ उच्च न्यायालय और अन्य न्यायिक मंचों पर उसका पक्ष रखता है।

---

बिहार के तीन पारंपरिक उत्पादों नालंदा की बावन बूटी साड़ी और फैब्रिक, गया के पत्थरकट्टी स्टोन क्राफ्ट तथा भोजपुर की पिढ़िया पेंटिंग को भौगोलिक संकेतक–जीआई टैग मिला है। इससे इन उत्पादों को अन्तरराष्ट्रीय बाजारों में एक नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य के शिल्पकारों, बुनकरों, कलाकारों और संबंधित संस्थाओं को बधाई भी दी है। श्री चौधरी ने कहा कि यह उपलब्धि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक कला–कौशल और ग्रामीण प्रतिभा को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने वाली है। नालंदा जिले की प्रसिद्ध बावन बूटी बिहार की प्राचीन बुनकरी परंपरा

का एक अद्वितीय उदाहरण है। इस विशिष्ट वस्त्रकला में कपड़े पर बावन प्रकार के पारंपरिक बौद्ध एवं सांस्कृतिक प्रतीकों को हाथकरघे पर बुना जाता है। इस कला में प्राकृतिक रंगों एवं पारंपरिक प्रतीकों के माध्यम से लोक जीवन, पारिवारिक संबंधों, धार्मिक आस्थाओं और ग्रामीण संस्कृति का सजीव चित्रण किया जाता है।

---

आज विश्व रक्तदाता दिवस है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने इस अवसर पर लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील की है। श्री नड्डा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि रक्तदान किसी व्यक्ति को नया जीवन देने का सर्वाधिक प्रभावी और पावन अवसर है। उन्होंने रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस की थीम है– मानवता की एक बूंद– रक्तदान करें, जीवन बचाएं। इस अवसर पर पटना सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला प्रशासन के अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों और आम लोगों ने रक्तदान किया।

---

आयुष मंत्रालय ने आज यूट्यूब पर आयोजित एक लाइव योग सत्र के जरिए नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इस ऑनलाइन योग कार्यक्रम में चार लाख पैंतीस हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि यह उपलब्धि दुनिया भर में योग की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है। उन्होंने लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम इक्कीस जून को कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम है– स्वस्थ आयु के लिए योग।

---

बिहार इंटरवेंशनल काउंसिल दो हजार छब्बीस के चौथे वार्षिक सम्मेलन का आज पटना में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हृदय रोगों के आधुनिक उपचार, नई तकनीकों और जटिल मामलों के प्रबंधन पर विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए।

वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. बी. बी. भारती ने कहा कि मोटापा, तनाव और शारीरिक गतिविधियों में कमी के कारण हृदय रोगों के मामले बढ़ रहे हैं।

———बाइट———

---

असम के जोरहाट एयरबेस में विमान हादसे में शहीद हुए बिहार के दो वीर सपूतों फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार और अग्निवीर दानिश आलम का पार्थिव शरीर आज पटना के बिहटा एयरफोर्स स्टेशन पहुंचा। इस अवसर पर भारतीय वायुसेना की ओर से दोनों शहीदों को सैन्य सम्मान दिया गया। श्रद्धांजलि के बाद अग्निवीर दानिश आलम का पार्थिव शरीर भोजपुर ज़िलो और फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार का पार्थिव शरीर जहानाबाद जिले के लिए रवाना किया गया।

---

प्रदेश में मानसून की उत्तरी सीमा अभी मुजफ्फरपुर से होकर गुजर रही है। मानसून के प्रभाव से कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और आस–पास के जिलों में मूसलाधार बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों में प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस दौरान वज्रपात के साथ चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

———बाइट———

---

नालंदा जिले के छबीलापुर थाना क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज के पास आज हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर हो गई जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

---

रोहतास पुलिस ने फ्लिपकार्ट के महंगे समानों की हेराफेरी कर ठगी करने वाले अंतरजिला गिरोह के पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के कोचस बाजार में एक्सिस बैंक के एटीएम को तोड़कर नकदी चोरी के मामले में पुलिस ने घटना में इस्तेमाल वाहन को मोहनिया से बरामद कर लिया है। एसडीपीओं संजीव कुमार ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

---

01. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी नड्डा ने कहा– पिछले बारह वर्षों में देश की स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार हुआ। आयुष्मान योजना से करोड़ों लोगों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिल रही है।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– बिहार के पर्यटन को वैश्विक मानचित्र पर दिलाई जायेगी नई पहचान।

03. प्रदेश में सिपाही भर्ती परीक्षा का पहला चरण आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न।

04. और, बिहार के महाधिवक्ता पी.के. शाही ने अपने पद से दिया इस्तीफा।

---

समाप्त